SERVIZIO SANITARIO REGIONALE
EMILIA-ROMAGNA
Azienda Ospedaliera di Reggio Emilia
Arcispedale S. Maria Nuova
Istituto in tecnologie avanzate e modelli assistenziali in oncologia
Istituto di Ricovero e Cura a Carattere Scientifico

OECI CLINICAL Cancer Centre

Dipartimento Oncologico e Tecnologie Avanzate
Gastroenterologia - Endoscopia Digestiva

Dott. Romano Sassatelli - Direttore

PREPARAZIONE ALLA GASTROSCOPIA

गैस्ट्रोस्कोपी के लिए तैयारी करना

एसोफैगोगैस्ट्रोडुओडैनोस्कोपी के लिए न्यूनतम 6/8 घंटे का उपवास जरुरी होता है।
यदि आपकी जांच सुबह होती है, तो आपको पिछली शाम के हल्के भोजन के बाद कुछ भी नहीं खाना चाहिए, हालाँकि यदि यदि आपकी जाँच दोपहर में 2:00 बजे के बाद के लिए निर्धारित है तो आप सुबह 8:00 बजे से पहले चाय और 2 बिस्कुट या ज्वईबैक के 2 स्लाइसों (बिना दूध के) का हल्का नाश्ता कर सकते हैं।
यदि आपको मधुमेह है, तो आपको कम से कम 12 घंटों के लिए कुछ नहीं खाना चाहिए।
किसी भी मामले में, जांच से एक घंटे पहले तक आप थोड़ी चाय, पानी या मीठा पानी पी सकते हैं।

PER CHI ASSUME FARMACI O E' AFFETTO DA MALATTIE

यदि आप कोई दवाई ले रहे हैं या आप बीमार हैं

अपनी जांच से पहले, आपको किसी भी गंभीर बीमारी, दवाई या एलर्जी के बारे में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट को सूचित करना चाहिए।
यदि आप कोई थक्कारोधी दवाई (सिन्ट्रोम, कोउमदीन, नई मौखिक थक्कारोधी, इत्यादि) ले रहे हैं, तो आपको अपने जीपी या प्रासंगिक हीमोस्टैसिस केंद्र से दस दिन पहले संपर्क करना चाहिए, ताकि एंडोस्कोपिक जांच के दिन आपका आईएनआर 2 से कम हो (आपकी दवाई जांच से पहले वाले दिन या जांच के दिन ली जानी चाहिए)।
यदि आप कोई मोनोथेरेपी प्लेटलेटरोधी दवाई (कम खुराक एस्पिरिन, एस्क्रिप्तिन, कार्डीरीन, टिक्लिद, प्लाविक्स, इत्यादि) ले रहे हैं, तो आप इसे जांच की सुबह तक निलंबित कर सकते हैं; हालाँकि यदि आप अनेक प्लेटलेटरोधी दवाइयां (उदाहरण के लिए, एस्पिरिन + क्लोपीडोग्रेल, इत्यादि) ले रहे हैं, तो आपको दो में से एक दवाई रोकने की संभावना पर अपने जीपी या हृदय विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।
जांच के दिन, आप अपना वर्तमान इलाज (आपके हृदय, श्वसन, रक्तचाप, रक्तसंचार के लिए दवाई, प्लेटलेटरोधी, इत्यादि) जारी रख सकते हैं; हालाँकि, आपकी एंडोस्कोपिक जांच शुरू होने से एक घंटा पहले दवाई नहीं ली जानी चाहिए।
यदि आपको लेटेक्स से एलर्जी है, तो कृपया कम से कम एक सप्ताह पहले सचिव के कार्यालय से या सेवा समन्वयक से संपर्क करें।
यदि आपको कोई संदेह है, तो आप जानकारी के लिए गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और डाईजेस्टिव एंडोस्कोपी सेवा से संपर्क कर सकते हैं।

RACCOMANDAZIONI GENERALI

सामान्य सलाह

जांच से पहले आपको निकालने योग्य सभी कृत्रिम दांत निकाल देने चाहिए।
कृपया एंडोस्कोपिक जांच में अपने पिछले सभी चिकित्सकीय दस्तावेज लायें।
यदि आप गैस्ट्रोस्कोपी के लिए शामक औषधि चाहते हैं, तो आपको अपने साथ किसी अन्य को लाना होगा, क्योंकि बाद के 12 घंटे आप कोई भी ऐसे कार्य नहीं कर पाएंगे जिनमें सतर्क अनैच्छिक क्रिया की जरूरत हो, जैसे कि वाहन चलाना या फिर सड़क पर अकेले चलना।

Gastroenterologia - Endoscopia Digestiva
Viale Risorgimento, 80 – 42123 Reggio Emilia
T. +39.0522.296423 F. +39.0522-296266
sassatelli.romano@asmn.re.it - www.asmn.re.it

sede legale: Viale Umberto I°, 50 – 42123 Reggio Emilia
T. +39.0522.296111 F. +39.0522.296266
Partita IVA 01614660353